दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार, 18 जून 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 260

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिजली गिरने से एक युवक की मौत

**दमोह (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मगरोन थाना क्षेत्र के ग्राम घनश्याम पिपरिया में कल बिजली गिरने से नीलेश यादव की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि एक शादी समारोह में फोटो उतारने नीलेश बाइक से अपने दो साथियों के साथ गया था। अचानक मौसम खराब हो जाने के चलते तीनों युवक एक आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गये। तभी बिजली गिर गई जिससे तीनों उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में नीलेश की मौके पर ही मौत हो गयी। घायल दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### सीएम गहलोत के भाई के घर सीबीआई की रेड, पोटाश घोटाले को लेकर हुई कार्यवाई

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के घर सीबीआई ने छापा मारा। इससे पहले फर्टिलाइजर घोटाले के मामले में अग्रसेन गहलोत के घर ईडी का छापा पड़ा था और पूछताछ की गई थी। वहीं सीबीआई की इस कार्रवाई के सियासी मायने भी निकाले जी रहे हैं। सीबीआई की इस कार्रवाई को राहुल गांधी के लिए अशोक गहलोत द्वारा दिल्ली में किए जा रहे प्रदर्शन से जोडक़र देखा जा रहा है। आज सुबह सीएम गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के घर सीबीआई की टीम पहुंची। इस टीम में पांच अधिकारी दिल्ली से और पांच अधिकारी जोधपुर से हैं। फिलहाल टीम के सदस्य जांच में जुटे हैं। वहीं अग्रसेन गहलोत घर पर ही हैं। सीबीआई की एक टीम उनके पावटा स्थित दुकान पर भी पहुंची है। डायरेक्ट्रोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने 2012-13 में पोटाश घोटाले का खुलासा किया था। ईडी के अनुसार अग्रसेन गहलोत की कंपनी अनुपम कृषि, म्यूरियेट ऑफ पोटाश (एमओपी) फर्टिलाइजर के एक्सपोर्ट पर बैन होने के बावजूद उसके निर्यात में शामिल थी। एमओपी को इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) निर्यात कर किसानों को सब्सिडी पर बेचती है। अग्रसेन गहलोत आईपीएल के ऑथराइज्ड डीलर थे।

### बद्रीनाथ पहुंचे पुष्कर धामी, मास्टर प्लान कार्यों का निरीक्षण किया

**गोपेश्वर (आरएनएस)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार दोपहर में बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा बदरी विशाल के दर्शन किए। साथ ही मास्टर प्लान के तहत हो रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। सीएम धामी के बदरीनाथ पहुंचने पर स्वागत किया गया। उन्होंने सबसे पहले भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। मंदिर से निकलते वक्त सीएम धामी ने जनता का अभिवादन भी किया। साथ में वह बदरीनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने भी पहुंचे। यहां पीएम मोदी की महत्वकांक्षी परियोजना के तहत मास्टर प्लान के तहत निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। डीएम और एसपी के साथ ही निर्माण एजेसियों के अधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने यहां चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्य तय समय पर गुणवत्ता के साथ पूरे करने के निर्देश दिए। सीएम धामी ने कहा कि बदरीनाथ धाम को भव्य रूप दिया जा रहा है। यहां यात्रा सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर भी अफसरों से जानकारी ली।

# तीसरे दिन भी धधकी 'अग्निपथ' की आग, लखीसराय और समस्तीपुर में फूंकी ट्रेनें, हरियाणा के बल्लबगढ़ में इंटरनेट बंद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अग्निपथ योजना को लेकर शुक्रवार को भी युवाओं का विरोध जारी है। शुक्रवार सुबह युवाओं ने बिहार के समस्तीपुर और लखीसराय में ट्रेन में आग लगा दी। बिहार में कई जगह पर युवा सडक़ पर उतरकर इस नई योजना का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भी दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन जारी है।

वहीं खबर है कि शुक्रवार सुबह बलिया के रेलवे स्टेशन पर तोडफ़ोड़ की गई। इस बीच युवाओं के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने सेना भर्ती में ऊपरी उम्र सीमा को बढ़ा दिया है। इस साल के लिए 21 की बजाए 23 साल तक युवा अग्निपथ योजना के तहत आवेदन कर सकेंगे।

हिंसक प्रदर्शन के कारण रेलवे ने 34 ट्रेनें निरस्त कर दी हैं, जबकि आठ आंशिक रूप से रद्द की हैं। 72 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। ज्यादातर ट्रेनें बिहार से होकर गुजरती हैं।

वहीं हरियाणा के बल्लबगढ़ में जिला प्रशासन ने 24 घंटे के लिए अस्थाई रूप से इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया है। जिला प्रशासन का कहना है कि प्रतिबंध के दौरान वॉयस काल, बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज जैसी सेवाओं की ही अनुमति होगी। यह प्रतिबंध गुरुवार रात 10 बजे से लागू है।



**हैदराबाद में प्रदर्शनकारियों ने जलाई ट्रेन, पथराव में यात्री घायल-** हैदराबाद में भी युवाओं ने केंद्र की अग्निपथ योजना का विरोध किया है। सेना भर्ती परीक्षा के इच्छुक सैकड़ों उम्मीदवारों ने शुक्रवार को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर हमला बोल दिया। उन्होंने पथराव किया, ट्रेन की दो बोगियों में आग लगा दी और रेलवे की दूसरी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे स्टेशन के बाहर सरकारी सडक़ परिवहन निगम की बसों पर भी हमला किया। दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर एंट्री करने वाली सभी ट्रेनों को तुरंत रोक दिया। पुलिस के मुताबिक, सैकड़ों आंदोलनकारियों ने रेलवे स्टेशन पर धावा बोल दिया।

**लाठी-डंडों से रेलवे स्टेशन के कार्यालयों पर हमला-** आंदोलनकारियों ने प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 पर लाठी-डंडों से रेलवे स्टेशन के कार्यालयों पर हमला कर दिया। यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए वहां से भागना पड़ा। पथराव में कुछ यात्री घायल भी हुए हैं।

**ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस की बोगियों में लगाई आग-** बाद में प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता जाने वाली ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस की दो बोगियों में आग लगा दी। उन्होंने उन पार्सल को भी फेंक दिया, जिन्हें विभिन्न ट्रेनों के माध्यम से ले जाया जाना था। पार्सल पटरियों पर फेंक दिए गए और उनमें आग लगा दी गई। इस दौरान ट्रैक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**गुस्साई भीड़ के सामने बेबस दिखे पुलिसकर्मी-** आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए बगल के थानों की पुलिस और रेलवे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। हालांकि, गुस्साई भीड़ के सामने पुलिसकर्मी भी बेबस नजर आए। कुछ समय बाद लाठीचार्ज किया गया, जिससे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने में सफलता मिली।

**12 राज्यों में हिंसा के बीच वायुसेना ने किया भर्ती का ऐलान-** नरेंद्र मोदी सरकार ने सेना में बहाली के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। देश के कई राज्यों में इसका जमकर विरोध हो रहा है। बिहार और उत्तर प्रदेश में इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। इस बहाली योजना के खिलाफ प्रदर्शन आज भी जारी है। देशभर में चल रहे हिंसक आंदोलन के बीच बिहार के 12 राज्यों में इंटरनेट पर लगाम कसी गई है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर समेत 22 एप्स पर तीन दिन मैसेज-फोटो-वीडियो बैन किए गए हैं। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले भी 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद किया गया है। उधर, एजेंसियों ने राज्यों को अलर्ट किया है। जिसके बाद केंद्र सरकार भी अलर्ट मोड पर है।

अग्निपथ स्कीम के खिलाफ देशभर में विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। एजेंसियों द्वारा सतर्क किए जाने के बाद केंद्र सरकार अब अलर्ट मोड पर आ गई है। बिहार में सरकार ने 12 जिलों में इंटरनेट पर लगाम कस ली है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर समेत 22 एप्स पर तीन दिन मैसेज-फोटो-वीडियो बैन रहेंगे। इसके अलावा हरियाणा के महेंद्रगढ़ में भी राज्य सरकार ने 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

अग्निपथ स्कीम को लेकर चल रहे बवाल के बीच भारतीय वायु सेना ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। कहा कि साल 2022 के लिए अग्निपथ योजना के तहत भर्ती 24 जून से शुरू होगी।

## उत्तराखंड के पौड़ी जिले में 5 महीने के अंदर 16 सड़क हादसे, 23 लोगों की गईं जान

**पौड़ी (आरएनएस)।** पौड़ी में सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस साल अब तक 16 सडक़ हादसों में 23 लोग अपनी जान गवां चुके है। गुरुवार को अधिकारियों ने यह जानकारी जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदंडे द्वारा बुलाई गई समिति की बैठक में दी।



डीएम डा. विजय कुमार जोगदंडे ने लोनिवि, परिवहन व पुलिस समेत संबंधित सभी रेखीय विभागों को सडक़ दुर्घटनाओं पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिले में जो सडक़ मार्ग दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील हैं, उन स्थानों पर शीघ्र ही साइनबोर्ड व क्रैश बैरियर लगाने के साथ ही उनका ट्रीटमेंट भी शुरू करें। इसके लिए जिलाधिकारी ने लोनिवि को 30 जून तक का सीमा दिया है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर महीने सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। पहले यह बैठक त्रैमासिक आयोजित होती थी। डीएम ने समिति में एक सदस्य गैर सरकारी भी रखने के निर्देश दिये हैं।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020-21 में कुल 67 सडक़ दुर्घटनाओं में 38 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 96 घायल हुए। बैठक में परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में कोटद्वार व श्रीनगर क्षेत्र दुर्घटनाओं के लिहाज से काफी संवदेनशील है। डीएम से सडक़ के किनारे नालियों की साफ-सफाई करने के भी निर्देश दिये हैं। डीएम ने दुर्घटना संभावित स्थानों में विशेष रूप से रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाने को कहा।

## सड़क पर खड़ी गाड़ी की तस्वीर भेजने वाले को 500 रुपए का इनाम, नितिन गडकरी ला रहे खास कानून

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से सडक़ पर खड़े किए गए वाहन की तस्वीर भेजता है, तो उसे 500 रुपये का इनाम मिलेगा। सरकार जल्द इस तरह का एक कानून लाने जा रही है। वहीं पार्किंग गलत तरीके से करने वाले वाहन मालिक को 1,000 रुपये का जुर्माना देना होगा।



केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वह सडक़ पर गलत तरीके से वाहन खड़ा करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एक कानून लाने पर विचार कर रहे हैं।

गडकरी ने कहा, ''मैं एक कानून लाने वाला हूं कि रोड पर जो वाहन खड़ा करेगा, उसपर 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं गलत तरीके से वाहन खड़ा करने वाले की तस्वीर खींचकर भेजने वाले को इसमें से 500 रुपये दिए जाएंगे।'' मंत्री ने इस बात पर क्षोभ जताया कि लोग अपने वाहनों के लिए पार्किंग की जगह नहीं बनाते है। इसके बजाय वे अपना वाहन सडक़ पर खड़ा करते हैं।

कुछ हल्के अंदाज में उन्होंने कहा, नागपुर में मेरे रसोइये के पास भी दो सेकेंड हैंड वाहन हैं। आज चार सदस्यों के परिवार के पास छह कारें होती हैं। ऐसा लगता है कि दिल्ली के लोग भाग्यशाली हैं। हमने उनका वाहन खड़ा करने के लिए सडक़ बनाई है। रस्त कर दी हैं, जबकि आठ आंशिक रूप से रद्द की हैं। 72 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। ज्यादातर ट्रेनें बिहार से होकर गुजरती हैं।

वहीं हरियाणा के बल्लबगढ़ में जिला प्रशासन ने 24 घंटे के लिए अस्थाई रूप से इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया है। जिला प्रशासन का कहना है कि प्रतिबंध के दौरान वॉयस काल, बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज जैसी सेवाओं की ही अनुमति होगी। यह प्रतिबंध गुरुवार रात 10 बजे से लागू है।

## पहाड़ पर बारिश से घटने लगी बदरीनाथ-केदारनाथ सहित चारधाम यात्रियों की संख्या, 1400 यात्रियों ने कराया था पंजीकरण

**ऋषिकेश (आरएनएस)।** उत्तराखंड के पहाड़ों में बारिश होने की खबर का चारधाम यात्रा पर असर पडऩे लगा है। अब चारधाम यात्रियों की संख्या में कमी आने लगी है। चारधाम के लिए ऋषिकेश में 15 मई के आसपास जहां पांच से सात हजार तक पंजीकरण हो रहे थे, वहीं अब फोटोमैट्रिक ऑनलाइन पंजीकरण काउंटर में पंजीकरण की संख्या 1400 के करीब रह गई है।



खराब मौसब और पहाड़ में बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रियों की संख्या में कमी देखने को मिली है। करीब एक माह तक यात्रा अपने पूरे चरम पर रही है। इस वजह से सरकार और प्रशासन की व्यवस्था भी कम पड़ गई थी। लोगों को यात्रा के लिए पंजीकरण कराने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति यह थी कि यात्रियों को दर्शन के लिए कई दिन बाद की तिथि दी जा रही थी। ऋषिकेश में मई माह में पांच से सात हजार तक तीर्थयात्री पंजीकरण करा रहे थे, लेकिन अब यात्रा की व्यवस्थाएं पटरी पर लौटी हैं। साथ ही धीरे-धीरे तीर्थयात्रियों की भीड़ में भी कमी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को ऋषिकेश स्थित चारधाम बस टर्मिनल कपाउंड के फोटोमैट्रिक पंजीकरण में यात्रियों का आसानी से पंजीकरण किया गया। एसडीआएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि शुक्रवार को 1400 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराया।

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम बदलने जा रहा है। आने वाले चार दिनों तक प्रदेश में मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य में चार धाम समेत अनेक जिलों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। ऐसे में पर्यटन विभाग ने उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों से अपील की है।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) में बने कंट्रोल रूम के ट्रोल फ्री नंबर या मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से मौसम व मार्गो की पूर्ण जानकारी लेकर और पंजीकरण करने के बाद ही उत्तराखण्ड आने का प्लान बनाए। इसके अलावा यात्रा के दौरान तीर्थयात्री ऊनी कपड़े, छाता, रेनकोट, वाटरप्रूफ ट्रेकिंग शूज, चलने की छड़ी, टोपी, दस्ताने भी अपने साथ रखें। मौसम विभाग के अनुसार 17 जून को अधिकांश स्थानों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। जबकि उत्तरकाशी, देहरादून, नैनीताल, बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावनाएं जताई हैं। 18 जून को भी राज्य में बारिश की संभावना है। जबकि 19 जून को गढ़वाल व कुमाऊं मंडल के क्षेत्रों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 20 व 21 जून को प्रदेश के जनपदों में कहीं-कहीं तीव्र बौछार होने के साथ कुमाऊं मंडल के जिलों के अनेक स्थानों व गढ़वाल मंडल के जिलों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम गजर्न के साथ बारिश होने के आसार हैं।

## राहुल गांधी की ईडी के यहां पेशी पर तीन मंत्रियों को नोटिस

**जबलपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और जाने माने वकील विवेक तन्खा ने राहुल गांधी की ईडी में सुनवाई को लेकर तीन केंद्रीय मंत्रियों को लीगल नोटिस भेजा है। कांग्रेस के टिकट पर पिछले दिनों निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के मामले में तीन केंद्रीय मंत्रियों को लीगल नोटिस भेजे है। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कानून मंत्री किरण रिजजू को नोटिस भेजा है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व कानून मंत्री किरण रिजजू को भेजे नोटिस में कहा कि केंद्र सरकार ईडी को हथियार बनाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बेवजह परेशान कर रही है। ईडी द्वारा मीडिया में निरंतर गलत जानकारी देकर राहुल की छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि ईडी को भाजपा अपना उपकरण बनाकर विपक्षी दलों को टारगेट करना बंद करे। लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। न्यायपालिका के निर्णय से पूर्व इस तरह किसी बड़े नेता को कठघरे में खड़ा करना अनुचित है। ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी लंबी पूछताछ की। ईडी ने कांग्रेस नेता को फिर गुरुवार को बुलाया था।

## नूपुर शर्मा की जुबान काटने पर 1 करोड़ का ईनाम घोषित करने वाला भीम सेना चीफ सतपाल तंवर गिरफ्तार

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को धमकाने के मामले में भीम सेना प्रमुख नवाब सतपाल तंवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी गुरुग्राम स्थित तंवर के आवास से हुई है। तंवर ने बीते दिनों धमकाते हुए ऐलान किया था कि जो भी नूपुर की जुबान काटकर लाने वाले को एक करोड़ रुपये का ईनाम दिया जाएगा। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।



भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर के खिलाफ कानपुर में भी मामला दर्ज हुआ था। मालूम हो कि सतपाल ने कहा था कि जो भी नुपुर शर्मा की जुबान काटकर लाएगा, उसे एक करोड़ का ईनाम देंगे।

डीसीपी पूर्वी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने समेत अन्य संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताते चलें कि नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर विवादास्पद टिप्पणी की थी। जिसके बाद से मुस्लिम समुदाय के लोगों में नूपुर शर्मा के प्रति खासी नाराजगी है।

## देश के सभी हिस्सों में लू से बड़ी राहत, 23 से 29 जून तक उत्तर पश्चिम भारत में पहुंच सकता है मानसून

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भीषण गर्मी से जूझ रहे देश के कई हिस्सों को आने वाले सप्ताह में बड़ा आराम मिलने वाला है। दरअसल भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून के 23 से 29 जून की अवधि में उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों को कवर करने की संभावना है। पूर्वानुमान से यह भी संकेत मिलता है कि 16 से 29 जून तक देश में कोई महत्वपूर्ण हीटवेव की संभावना नहीं है। अगले एक सप्ताह में, उत्तर पश्चिमी भारत के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

**देश के सभी हिस्सों में लू की स्थिति में नरमी आई -** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण पश्चिम मानसून के मध्य और पूर्वी भारत की ओर बढऩे तथा एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के सभी हिस्सों में लू की स्थिति में नरमी आई है। विभाग का कहना है कि 29 जून तक लू के हालात में नरमी बने रहने का अनुमान है। उत्तर पश्चिमी भारत दो जून से जबकि मध्य भारत 10 जून से गर्म और शुष्क पश्चिमी हवाओं के कारण लू की चपेट में था।



आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में तीन जून से शुरू हुई लू का असर 12 जून तक रहा। हालांकि, लू का प्रभाव कम होने के बाद भी 15 जून तक दिल्ली, दक्षिणी हरियाणा, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों पर यह हावी रहा। विभाग के मुताबिक, झारखंड, पश्चिम बिहार, उत्तरी ओडिशा और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में भी 10 जून से 15 जून तक लोगों को लू का सामना करना पड़ा। आईएमडी ने कहा, ''लू का प्रकोप आज (16 जून) कम हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य और पूर्वी भारत की ओर बढऩे तथा एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण इसकी स्थिति में नरमी आई है।''